लोक शिक्षण संचालनालय
गौतम नगर भोपाल मध्य प्रदेश –462023

Email ID : ucrs.dpi@mp.gov.in

क./यू.सी.आर/सी/61/मा.प्रा.शि.नियो./2024–26/ 794 दिनांक 06/05/2026

माध्यमिक शिक्षक (हिन्दी ,अंग्रेजी,संस्कृत,सामाजिक विज्ञान,गणित तथा खेल) एवं प्राथमिक शिक्षक (खेल) चयन परीक्षा 2024 के पात्र अभ्यर्थियों के लिए शाला विकल्प चयन सूचना

/ / /

कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित माध्यमिक शिक्षक (हिन्द,अंग्रेजी,संस्कृत,सामाजिक विज्ञान,गणित तथा खेल) तथा प्राथमिक शिक्षक (खेल) चयन परीक्षा 2024 के परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा रही है। दिनांक 12.05.2026 से 18.05.2026 तक अभ्यर्थियों द्वारा शाला विकल्प चयन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थियों को आवंटित संभाग/जिले की सभी शालाओं का चयन कर प्राथमिकता क्रम देना अनिवार्य होगा। शाला विकल्प चयन उपरांत एमपी ऑनलाईन का पोर्टल शुल्क भुगतान करने पर ही प्रक्रिया पूर्ण मानी जायेगी।

2. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त निर्धारित अवधि में उन्हे आवंटित संभाग/जिले की सभी शालाओं का चयन कर प्रक्रिया पूर्ण करें। निर्धारित अवधि में शाला विकल्प का चयन नहीं करने वाले अभ्यर्थी को शेष उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर शाला का आवंटन किया जायेगा। इस संबंध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं होगा।
3. जिन अभ्यर्थियों के नाम के समक्ष सत्यापन के अधीन लिखा गया है, उनके दस्तावेज प्रमाणीकरण हेतु विश्वविद्यालय अथवा सक्षम अधिकारी जिसके द्वारा दस्तावेज जारी किया गया था, को प्रमाणीकरण हेतु भेजे गये है। प्रमाणीकरण/सत्यापन के आधार पर संबंधितों की अभ्यर्थिता मान्य/अमान्य की जाएगी।
4. जिन अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता निरस्त की गई है, उनकी कारण सहित सूची पोर्टल trc.mponline.gov.in पर प्रदर्शित की गई है।
5. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे एम.पी. ऑनलाईन का पोर्टल trc.mponline.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।
6. माध्यमिक शिक्षक (गायन–वादन) एवं प्राथमिक शिक्षक (गायन–वादन,नृत्य) पद के अभ्यर्थियों के लिए पृथक से सूचना प्रकाशित की जायेगी।

(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)

(के. के. द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश

पृष्ठां क./यू.सी.आर/सी/61/मा.प्रा.शि. नियो./अभि.सत्या./2024–26/ 795 दिनांक 06/05/2026

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।
2. आयुक्त जनसंपर्क मध्यप्रदेश भोपाल की ओर प्रचार–प्रसार हेतु प्रेषित।

संचालक
लोक शिक्षण मध्यप्रदेश